हरिभूमि
# बालोद भूमि
रायपुर, गुरुवार 26 मार्च 2026


14 विश्व क्षय दिवस पर टाउन हॉल में जागरूकता कार्यक्रम


13 भूमिहीन कृषि मजदूर योजना के तहत हितग्राहियों ...



## नवरात्रि विशेष



### अष्टमी: महागौरी

महागौरी देवी भगवती का आठवां स्वरूप है । आठवें नवरात्रि को माता के महागौरी स्वरुप की आराधना का विधान है। महागौरी ही देवी शाकुंभरी, दुर्गा, त्रिनेत्री, मन्शा, चंडी और शताक्षी हैं । देवी महागौरी ने पार्वती रुप में महादेव को पति के रुप पाने के लिए कठोर तपस्या की थी। इससे उनका शरीर कृष्णवर्णी हो गया । इस तपस्या से प्रसन्न होकर महादेव ने इनके शरीर पर पावन गंगाजल की धारा डाली। फौरन महामाता विद्युतप्रभा के समान कांतिमान गौरवर्ण की ही गई। तभी से इनका नाम महागौरी पड़ा। महादेव से दैवी शक्तियों हासिल करने के बाद महागौरी ने शुंभ-निशुंभ, चंड-मुंड, रक्तबीज आदि दैत्यों का संहार किया। इन्हें दुर्गा नाम भी दिया गया। महागौरी की उपमा शंख, चंद्र और कंद के फूल से की गई है। इनके समस्त वस्त्र, आभूषण आदि श्वेत है। इनकी चार भुजाएं हैं और वाहन वृषभ है। इनकी मुद्रा अत्यंत शांत है। मां की शक्ति अमोघ फल दने वाली है। माता महागौरी मनुष्य की वृत्तियों को सत और प्रेरित करके असत का विनाश करती हैं। गृहस्थों के लिए तो महागौरी की पूजा विशेष मंगलकारी मानी जाती है। महागौरी का आराधना मंत्र है-

श्वेते वृषे समारूढ़ा श्वेताम्बरधरा शुचिः।
महागौरी शुभं दद्यान्महादेवप्रमोदया॥

# बालिका के अपहरण की खबर से फैली सनसनी पर बाद में टॉय-टॉय फिस्स

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा/कुसुमकसा

दल्लीराजहरा थाना क्षेत्र के ग्राम अरमुरकसा में 10 वर्षीय बच्ची के कथित अपहरण की खबर ने पूरे इलाके में सनसनी फैला दी थी। बच्ची ने बताया था कि कुछ अज्ञात लोग उसे चॉकलेट खिलाकर बोरे में बंद कर ले गए थे, जिससे परिजन और ग्रामीण दहशत में आ गए।

घटना के बाद बच्ची को तेज बुखार आने पर ज्योति अस्पताल, दल्लीराजहरा में भर्ती कराया गया, जहां उसका इलाज जारी है। बच्ची की डरी-सहमी हालत और उसके बयान के चलते शुरुआत में सभी ने इसे गंभीर अपहरण का मामला मान लिया।

## सीसीटीवी और सेल्फी ने खोला पूरा राज

### पूछताछ में हुआ खुलासा

बुधवार को ट्रक चालक से पूछताछ के दौरान यह तथ्य सामने आया कि बच्ची रात लगभग 10 बजे तक उनके साथ थी। पहले डर के कारण चालक कुछ नहीं बता पाए, लेकिन जब सीसीटीवी फुटेज दिखाए गए तो उन्होंने पूरी सच्चाई बता दी। ट्रक चालकों के साथ बच्ची की एक सेल्फी भी सामने आई, जिसमें वह उनके साथ बैठकर खाना खाते हुए नजर आई। इस फोटो ने पूरे मामले की हकीकत उजागर कर दी और कथित अपहरण की कहानी पर से पर्दा उठ गया।



### दल्लीराजहरा पुलिस की अपील : अफवाहों से बचें

नगर पुलिस अधीक्षक विकास पाटले और थाना प्रभारी संतोष भूआर्य ने लोगों से अपील की है कि किसी भी अपुष्ट जानकारी को सोशल मीडिया पर साझा न करें। ऐसी अफवाहें न केवल डर फैलाती हैं, बल्कि जांच को भी प्रभावित करती हैं। यह घटना समाज के लिए एक महत्वपूर्ण सीख है कि बच्चों के साथ संवाद और विश्वास बनाए रखना बेहद जरूरी है। साथ ही किसी भी घटना की पुष्टि किए बिना उस पर विश्वास करना या फैलाना गंभीर परिणाम ला सकता है।

### सोशल मीडिया में मचा हड़कंप गांव में दहशत का माहौल

बच्ची के लापता होने की खबर तेजी से सोशल मीडिया में वायरल हो गई थी, जिससे गांव और आसपास के क्षेत्रों में भय और अफरा-तफरी का माहौल बन गया। परिजन पूरी रात परेशान रहे, लेकिन सच्चाई सामने आने के बाद सभी ने राहत की सांस ली। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस प्रशासन तुरंत हरकत में आया और जांच शुरू की गई। आसपास के लोगों से पूछताछ के साथ-साथ सीसीटीवी फुटेज भी खंगाले गए। स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने भी मामले की सच्चाई जानने में सक्रिय सहयोग दिया।

**सीसीटीवी फुटेज ने बदली पूरी कहानी:** जांच के दौरान सामने आए सीसीटीवी फुटेज में बच्ची शाम करीब 6 बजे एक दुकान की ओर ▶▶| शेष पेज 12 पर

## योजना

### संयुक्त जिला कार्यालय में आयोजित हुआ जिला स्तरीय कार्यक्रम

# मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने भूमिहीन कृषि मजदूरों के खाते में किए 495 करोड़ अंतिरत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

- हितग्राहियों के लिए योजना मील का पत्थर
- हितग्राहियों को सौंपे गए प्रमाण पत्र

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने दीनदयाल उपाध्याय भूमिहीन कृषि मजदूर कल्याण योजना अंतर्गत बलौदाबाजार में आयोजित प्रदेश स्तरीय आदान राशि वितरण कार्यक्रम में रिमोट का बटन दबाकर राज्य के 04 लाख 95 हजार 965 हितग्राहियों के खाते में 495 करोड़ 96 लाख 50 हजार रुपये की राशि हस्तांतरित की। इसके साथ ही बटन दबाते ही बालोद जिले के 16 हजार 488 हितग्राहियों के खाते में 16 करोड़ 48 लाख 80 हजार रुपये की राशि अंतरित हुई।

संयुक्त जिला कार्यालय सभाकक्ष में दीनदयाल उपाध्याय भूमिहीन कृषि मजदूर कल्याण योजना अंतर्गत जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। समारोह में जिला पंचायत बालोद की अध्यक्ष तारणी पुष्पेन्द्र



चन्द्राकर, उपाध्यक्ष तोमन साहू, नगर पालिका परिषद बालोद अध्यक्ष प्रतिभा चौधरी, नगर पंचायत गुण्डरदेही अध्यक्ष प्रमोद जैन, नगर पंचायत डौण्डीलोहारा अध्यक्ष लाल निवेन्द्र सिंह टेकाम, नगर पंचायत चिखलाकसा अध्यक्ष कुंती साहू, नगर पंचायत गुरूर अध्यक्ष प्रदीप साहू, नगर पालिका परिषद बालोद के उपाध्यक्ष कमलेश सोनी, जनपद पंचायत बालोद अध्यक्ष सरस्वती टेमरिया, जनपद पंचायत डौण्डी अध्यक्ष मुकेश कौड़ो, जनपद पंचायत गुरूर अध्यक्ष सुनीता संजय साहू, जनपद पंचायत गुण्डरदेही अध्यक्ष पुरूषोत्तम चंद्राकर, विरेन्द्र साहू, जिला भाजपा अध्यक्ष चेमन देशमुख, केसी पवार, राकेश यादव, जिला पंचायत सदस्य कांति सोनेश्वरी, लक्ष्मी साहू सहित अन्य जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिकों के अलावा दीनदयाल उपाध्याय भूमिहीन कृषि मजदूर कल्याण योजना के लाभान्वित ▶▶| शेष पेज 12 पर

## भूमिहीन कृषि मजदूरों को मिली बड़ी राहत, 4.95 लाख परिवारों को 495 करोड़ से अधिक राशि हस्तांतरित




**बालोद।** भारतीय जनता पार्टी जिला अध्यक्ष चेमन देशमुख ने बताया कि प्रदेश सरकार द्वारा मोदी की गारंटी के तहत किए गए वादों को पूरा करते हुए पंडित दीनदयाल उपाध्याय भूमिहीन कृषि मजदूर कल्याण योजना के अंतर्गत बुधवार को 4.95 लाख से अधिक पात्र परिवारों को 495 करोड़ रुपए से अधिक की राशि हस्तांतरित की गई है। इस योजना के तहत प्रत्येक हितग्राही को प्रतिवर्ष 10 हजार रुपए की सहायता प्रदान की जाती है। उन्होंने कहा कि योजना का उद्देश्य भूमिहीन कृषि मजदूर परिवारों की आय में वृद्धि करना और उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बनाना है। चेमन देशमुख ने दावा किया कि सरकार हर वर्ग के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है और प्रदेश में अधिकतर पात्र परिवारों को केंद्र एवं राज्य की योजनाओं का लाभ मिल रहा है। चेमन देशमुख ने जानकारी दी कि योजना में भूमिहीन कृषि मजदूरों के साथ वनोपज संग्राहक, चरवाहा, बढ़ई, लोहार, मोची, नाई, धोबी जैसे पारंपरिक कार्यों से जुड़े परिवारों को भी शामिल किया गया है। वहीं जनजातीय क्षेत्रें में पुजारी, बैगा, गुनिया और माँझी परिवारों को भी इसका लाभ दिया जा रहा है। उन्होंने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के प्रति आभार ▶▶| शेष पेज 12 पर

## एंगल में दबकर मजदूर की मौत

**बालोद।** विकासखण्ड गुरूर के ग्राम खुंदनी का एक मजदूर दुर्ग जिला के टेडेसारा के एक लोहा मिल में काम करने के दौरान हादसे का शिकार हो गया। जिसमे उसकी मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम खुंदनी निवासी ऋशि साहू सोमनी थाना अंतर्गत ग्राम टेडेसरा में स्थित लोहा मिल में ड्रिलिंग का काम करता था, हादसे के समय ऋशि अपना काम कर रहा था। इसी दौरान मिल में स्थित क्रेन के माध्यम से लोहे की भारी भरकम एंगल को हटाने का काम किया जा रहा था, इसी दौरान क्रेन असंतुलित हो गया जिससे ऋशि के उपर में भारी भरकम एंगल गिर गया। हादसे में ऋशि कुमार की मौत हो गई। ऋशि कुमार चार भाईयो मे दूसरे नंबर का था उसके तीन बच्चे है। ऋशि ही परिवार का एकमात्र कमाने वाला सदस्य था।



## खबर संक्षेप

### अवैध दीवार का निर्माण तोड़कर दिलाया न्याय



**राजनांदगांव।** कलेक्टर जितेन्द्र यादव के निर्देशानुसार कलेक्टर जनदर्शन में प्राप्त आवेदनों पर त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई की जा रही है। जिससे हितग्राहियों को समयबद्ध राहत मिल सके। इसी कड़ी में राजनांदगांव चिखली निवासी उर्मिलाबाई उके द्वारा साप्ताहिक जनदर्शन में बिल्डर द्वारा अवैध रूप से बनाई गई दीवार के संबंध में शिकायत दर्ज कराई गई थी। दीवार निर्माण के कारण उनके आवागमन में बाधा उत्पन्न हो रही थी। कलेक्टर ने शिकायत को गंभीरता से लेते संबंधित विभाग को तत्काल आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। संबंधित विभाग की टीम ने मौके का निरीक्षण कर अवैध रूप से निर्मित दीवार को तोड़ा गया और आवेदक उर्मिलाबाई उके को न्याय दिलाया गया। कलेक्टर ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि जनदर्शन में प्राप्त प्रत्येक आवेदन पर त्वरित, पारदर्शी और नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित की जाए, ताकि आम नागरिकों को समय पर समाधान प्राप्त हो सके।

### महिला कबड्डी टीम ने जीता खिताब

**राजनांदगांव।** कबड्डी के क्षेत्र में राजनांदगांव महिला टीम अखिल भारतीय कबड्डी महाराष्ट्र के आवरीटोला में विजेता का खिताब प्राप्त किया है। अपने लीग मैच और नॉकआउट में अनेक टीमों को हराकर फाइनल में छिंदवाड़ा से टक्कर हुई। जिसमें राजनांदगांव महिला टीम ने अपने ख्याति के अनुसार खेल का प्रदर्शन किया और छिंदवाड़ा महिला टीम को एकतरफा 17 के मुकाबले 47 अंक से पराजित कर दिया। 2026 का अखिल भारतीय टूर्नामेंट में राजनांदगांव का यह पांचवा खिताब है। समस्त खिलाड़ियों को कोच एवं मैनेजर ललित साहू और रेगुलर कोच रोहित पड़ोती, हरीश साहू, तीरथ गिरी गोस्वामी एवं महेश साहू को बधाई। उक्त बधाई जिला कबड्डी संघ के अध्यक्ष ऋषिदेव चौधरी एवं आजीवन अध्यक्ष अशोक चौधरी ने दिया।

### मिथिलाधाम में भंडारा

**राजनांदगांव।** मिथिलाधाम गणेश हनुमान मंदिर में मां बम्लेश्वरी पदयात्रियों के लिए प्रतिवर्ष के अनुसार इस वर्ष भी मौनी बाबा का भंडारा लगाया गया है। इस अवसर पर रायपुर, भिलाई, दल्लीराजहरा, कांकेर व अन्य कई जगह से पदयात्रा की, मिथिलाधाम मंदिर में विश्राम कर भोजन ग्रहण किया। इस वर्ष पिछले वर्षों की अपेक्षा पदयात्रा की संख्या कम रही है, फिर भी परंपरागत भंडारा चल रहा है। उक्त जानकारी मंदिर समिति के महंत त्यागी बाबा और मंदिर समिति के अध्यक्ष अशोक चौधरी ने दिया।

### प्रतिनिधि मंडल ने विस अध्यक्ष रमन से की मुलाकात



**राजनांदगांव।** वैष्णव समाज के प्रतिनिधि मंडल ने 21 मार्च की रात विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह से उनके रायपुर स्थित निवास में सौजन्य मुलाकात की। इस दौरान समाज के लगभग 50 पदाधिकारियों ने विभिन्न सामाजिक विषयों पर चर्चा करते राजगामी सम्पदा के अध्यक्ष पद की मांग प्रमुखता से रखी। इस दौरान वैष्णव समाज के प्रतिनिधियों ने विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह से सौहार्द्रपूर्ण वातावरण में चर्चा की। प्रतिनिधि मंडल ने समाज के हितों से जुड़े मुद्दों को रखते राजगामी सम्पदा के अध्यक्ष पद पर समाज के योग्य प्रतिनिधि की नियुक्ति की मांग की। इस अवसर पर समाज के लोगों ने डॉ. सिंह के स्वास्थ्य को लेकर भी चिंता व्यक्त की और उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। प्रतिनिधि मंडल में संतोष वैष्णव, संदीप वैष्णव, पूरनदास वैष्णव, सुरेन्द्र दास, हेमंत वैष्णव, दुष्यंत दास, रविन्द्र वैष्णव, महेन्द्र वैष्णव, कमलेश दास, शिवकुमार, देवकुमार, मनीष वैष्णव, प्रशांत वैष्णव, बालकृष्ण दास, कमल नारायण, सागर वैष्णव, किशन वैष्णव, आदित्य वैष्णव, जितेंद्र वैष्णव, दिनेश वैष्णव, अजय वैष्णव, शरद वैष्णव, मोनू वैष्णव, रमेश वैष्णव, सुरेन्द्र बैरागी, इंद्रकुमार दास, रेवती रमन दास, सुरेन्द्र वैष्णव, विश्वास वैष्णव, अनूप दास, जगेश्वर दास और लव कुमार वैष्णव सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

### बोरिंग में नया सब-मर्सिबल पंप स्थापित



**राजनांदगांव।** वार्ड नंबर 39 हीरामोती वार्ड में देवांगन समाज की बोरिंग में लंबे समय से चली आ रही पेयजल समस्या को ध्यान में रखते नया सब-मर्सिबल पंप सफलतापूर्वक स्थापित किया गया। इस कार्य के पूर्ण होने के उपलक्ष्य में वार्ड पार्षद रवि सिन्हा द्वारा विधिवत नारियल फोड़कर एवं अगरबत्ती जलाकर शुभारंभ किया गया। पार्षद रवि सिन्हा ने कहा कि "जनता की मूलभूत सुविधाएं हमारी प्राथमिकता है। पानी जैसी आवश्यक जरूरत में किसी भी प्रकार की परेशानी का निवारण किया जाएगा। देवांगन समाज की इस समस्या के समाधान के लिए हमने तत्काल पहल की और आज इसका स्थायी निराकरण कर दिया गया है। आगे भी क्षेत्र के विकास और जनसेवा के लिए हम निरंतर प्रयासरत रहेंगे।" कार्यक्रम में समाज के प्रमुख सदस्य डीके देवांगन, रीतेश देवांगन, अजय श्रीवास्तव, बशीर बडगुजर, दिनेश देवांगन, संदीप निर्मलकर, वीरेंद्र रजक एवं अन्य उपस्थित रहे।

### भगतसिंह, राजगुरू व सुखदेव को किया याद




**राजनांदगांव।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी जिला परिषद राजनांदगांव द्वारा पार्टी कार्यालय प्रकाश भवन कार्यालय प्रकाश भवन में भगत सिंह, राजगुरू एवं सुखेदव को नमन किया। साथ ही अमर शहीदों को पुष्पांजलि अर्पित कर नमन तथा उनके विचारों को याद किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते पार्टी के राज्य परिषद सदस्य प्रो. थानसिंह वर्मा ने कहा कि भारत की आजादी में क्रांतिकारियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। भगतसिंह एक क्रांतिकारी ही नहीं, बल्कि प्रबुद्ध लेखक तथा महान चिंतक थे। उन्होंने क्रांति के उद्देश्य तथा आजाद भारत का जो स्वरूप उन्होंने देखा था, वह अपने विचारों के माध्यम से प्रस्तुत किया। पार्टी के सचिव कामरेड प्रभात कुमार तिवारी ने कहा कि भगतसिंह अपने क्रांतिकारी विचारों तथा आजादी के आंदोलन में अपना महत्वपूर्ण योगदान के कारण आज भी युवओं के आदर्श बने हुए हैं। उनका स्वप्न मरा नहीं है। कामरेड विश्राम देवागंन व कार्यक्रम अध्यक्ष अनीस अहमद ने भी अपने विचार रखे। कार्यक्रम में कामरेड श्रीमती कौशिक, अजय चंद्रकार, धनेश, प्रसन्न कुमार एवं पार्टी के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## बस स्टैंड के पंचरत्न प्याऊ की सुध लेने वाला कोई नहीं

# नहीं थमी पानी की बर्बादी, नालों में बह गया 20 हजार लीटर अमृत

## मुख्य नगर पंचायत अधिकारी ने दिया था आश्वासन

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

जल संरक्षण को लेकर प्रशासन की संवेदनहीनता चरम पर है। मुख्य नगर पंचायत अधिकारी अविनाश देवांगन ने 10 दिन पहले आश्वासन दिया था कि इंजीनियर भेजकर तत्काल सुधार कराया जाएगा। लेकिन अफसोस, 10 दिन बीत जाने के बाद भी स्थिति जस की तस बनी हुई है और पंचरत्न शीतल पेयजल केंद्र से पानी का रिसाव अनवरत जारी है।

आंकड़ों पर गौर करें तो स्थिति डरावनी है। जानकारों के मुताबिक, यहां प्रति 24 घंटे में लगभग 2000 लीटर पानी व्यर्थ बहकर नाली में जा रहा है। इसका सीधा मतलब यह है कि अधिकारी के आश्वासन के इन 10 दिनों के भीतर ही लगभग 20,000 लीटर साफ पीने योग्य पानी नाले की गंदगी में मिल चुका है। यह वह पानी है जिससे भीषण गर्मी में दर्जनों परिवारों की प्यास बुझाई जा सकती थी।

### गर्मी बढ़ने के साथ बढ़ेगी किल्लत

वर्तमान में पारा तेजी से बढ़ रहा है और भू-जल स्तर नीचे जा रहा है। ऐसे समय में प्रशासन का एक-एक बूंद पानी बचाना प्राथमिकता होनी चाहिए थी, लेकिन गंडई में अधिकारी केवल आश्वासन का खेल खेल रहे हैं। यदि अगले कुछ दिनों में इस ओर ध्यान नहीं दिया गया, तो आने वाले महीनों में नगरवासियों को बूंद-बूंद पानी के लिए त्राहि-त्राहि करनी पड़ेगी और इसकी पूरी जिम्मेदारी नगर पंचायत प्रशासन की होगी।



### सुधार करवाया जाएगा

कर्मचारी भेज कर दिखाया हूं, तो पता चला कि जब शुलभ शौचालय का बोर चालू होता है तो पंचरत्न की पानी टंकी भर जाता है। जिसके कारण पानी ओवर फ्लो होकर बहता है। एक बार और दिखवा लेता हूं। अगर कही पर लीकेज होगा तो सुधार करवाया जाएगा। - **अविनाश देवांगन,** मुख्य नगर पंचायत अधिकारी गंडई

### बस स्टैंड में आंखों के सामने बर्बादी

हैरानी की बात यह है कि यह रिसाव किसी सुनसान इलाके में नहीं, बल्कि नगर के सबसे व्यस्ततम बस स्टैंड क्षेत्र में हो रहा है। यहां से रोजाना सैकड़ों लोग गुजरते हैं और जिम्मेदार अधिकारियों का भी यहां आना-जाना लगा रहता है। इसके बावजूद महीनों से टपक रही टंकियों को ठीक करवाना या उनकी मरम्मत की ओर ध्यान न देना प्रशासन की कार्यप्रणाली पर गंभीर प्रश्नचिह्न खड़ा करता है। क्या प्रशासन को केवल कागजी आंकड़ों में ही जल संरक्षण करना आता है?

## महापौर मधुसूदन का सम्मान

**राजनांदगांव।** महापौर मधुसूदन यादव के भागीरथी प्रयासों से रिद्धी-सिद्धी फेस-2 प्लांट एरिया में नल कनेक्शन के लिए पाईप लाइन विस्तार का कार्य पूर्ण हो गया है। इस अवसर पर क्षेत्रवासियों द्वारा महापौर का लड्डुओं से तौलकर भव्य स्वागत एवं सम्मान किया गया।

महापौर श्री यादव ने कॉलोनीवासियों से स्वच्छता अभियान के तहत साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखने की अपील करते कहा कि सभी की सहभागिता से ही शहर को स्वच्छता रैंकिंग में बेहतर स्थान दिलाया जा सकता है। उन्होंने पेयजल व्यवस्था को और मजबूत करने हेतु ओवरहेड टंकी निर्माण के लिए उपयुक्त स्थान चयनित करने के निर्देश पार्षद दुरेंद्र साहू को दिए।

महापौर ने विकास कार्यों में सहयोग के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय तथा विधानसभा अध्यक्ष एवं विधायक डॉ. रमन सिंह का विशेष आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर पार्षद दुरेंद्र साहू ने वार्डवासियों की ओर से भरोसा दिलाया कि स्वच्छता रैंकिंग में राजनांदगांव को अग्रणी स्थान दिलाने हेतु हरसंभव प्रयास किए जाएंगे। कार्यक्रम में पार्षद सेवक उइके, फेस-2 अध्यक्ष दौलत साहू, मनोहर साहू, शंकर ज्ञानचंदानी, फेस-3 अध्यक्ष नरेश साहू आदि उपस्थित थे।

## जिले में 30 अप्रैल तक किया जाएगा पशुओं का टीकाकरण

**राजनांदगांव।** भारत सरकार की पशुधन स्वास्थ्य एवं रोग नियंत्रण कार्यक्रम (एलएच एण्ड डीसीपी) अंतर्गत खुरहा-चपका (एफएमडी) संक्रामक बीमारी के प्रभावी नियंत्रण के लिए जिले में निःशुल्क टीकाकरण अभियान संचालित किया जा रहा है। इसी क्रम में खुरहा-चपका रोग के नियंत्रण हेतु टीकाकरण के सातवें चरण में 15 मार्च से 30 अप्रैल 2026 तक जिले के सभी ग्रामों में पशुओं का टीकाकरण किया जा रहा है। उप संचालक पशु चिकित्सा सेवाएं डॉ. अनूप चटर्जी ने बताया कि पशुधन स्वास्थ्य एवं रोग नियंत्रण कार्यक्रम के तहत जिले के लगभग 3 लाख 5 हजार गौवंश एवं भैंस वंशीय पशुओं को रोग-प्रतिरोधक टीकाकरण करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। उन्होंने बताया कि खुरहा-चपका रोग मुख्यतः गाय-भैंस जैसे खुर वाले पशुओं में होने वाला संक्रामक रोग है। इस रोग से ग्रसित पशुओं में तेज बुखार आना, मुंह, जीभ, होंठ एवं मसूड़ों में छाले या फफोले तथा खुरों के बीच फफोले या घाव होने से पशु लंगड़ाकर चलता है। इसके साथ ही मुंह से अधिक लार गिरना, खाने-पीने में परेशानी, दूध उत्पादन में अचानक कमी, थन या स्तनों पर फफोले, कमजोरी व सुस्ती शामिल है। इस रोग से छोटे बछड़ों की मृत्यु भी हो जाती है। पशु में खुरहा-चपका रोग के लक्षण दिखने पर पशुपालकों को बीमारी पशु को तत्काल अन्य पशुओं से अलग रखें, नजदीकी पशु चिकित्सक से संपर्क करें, साफ-सफाई बनाए रखें एवं कीटाणुनाशक का प्रयोग करें तथा समय पर टीकाकरण अवश्य कराएं। उप संचालक पशु चिकित्सा सेवाएं डॉ. अनूप चटर्जी ने पशुपालकों को पशुओं का समय पर टीकाकरण कराने तथा विभागीय कर्मचारियों का भारत पशुधन एप में पंजीयन कराने में सहयोग करने की अपील की है।

## निर्माणाधीन नहर लाइनिंग कार्य का निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

कलेक्टर जितेन्द्र यादव ने आज ग्राम खजरी और बोटेपार में निर्माणाधीन पक्की नहर लाईनिंग का निरीक्षण किया। उन्होंने नहर लाइनिंग की कुल लंबाई, निर्माण गुणवत्ता, कार्य की गति तथा डेम की उपलब्ध क्षमता संबंधी जानकारी ली। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्माणाधीन कार्य को निर्धारित समय-सीमा के भीतर उच्च गुणवत्ता मानकों के साथ पूर्ण करने के निर्देश दिए। जिससे आगामी सीजन में किसानों को बेहतर सिंचाई सुविधा उपलब्ध हो सके। उन्होंने कहा कि पक्की नहर लाइनिंग कार्य से किसानों को पर्याप्त मात्रा में सिंचाई का स्थायी लाभ मिलेगा। कलेक्टर ने नहर किनारे उपस्थित किसानों से सीधे संवाद कर नहर लाइनिंग कार्य से मिलने वाले लाभ और गांव की समस्याओं की जानकारी ली। किसानों ने बताया कि पक्की नहर लाइनिंग बनने से पानी का रिसाव कम होगा, सिंचाई सुचारू रूप से खेतों तक पहुंचेगी तथा उत्पादन में वृद्धि की संभावना बढ़ेगी।

### योजना की दी जानकारी

कलेक्टर ने किसानों को प्रधानमंत्री आशा योजना के प्रावधानों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि योजना अंतर्गत दलहन एवं तिलहन फसलों की समर्थन मूल्य पर खरीदी की जा रही है। जिससे किसानों को बेहतर आय प्राप्त होगी। उन्होंने किसानों को दलहन-तिलहन क्षेत्र विस्तार के लिए प्रेरित किया तथा समय पर पंजीयन कराने कहा। इस अवसर पर ग्राम बोटेपार के किसानों ने सीसी रोड एवं नाली निर्माण की मांग रखी। कलेक्टर ने उनकी मांगों पर त्वरित संज्ञान लेते संबंधित विभाग को सीसी रोड एवं नाली निर्माण का स्टीमेट तैयार कर बारिश के पहले पूर्ण करने के निर्देश दिए, ताकि गांव में आवागमन एवं जल निकासी की समस्याओं का समाधान हो सके। कलेक्टर ने किसानों की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते सिंचाई संबंधी सभी कार्यों को प्राथमिकता के साथ तथा पारदर्शिता से सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जिससे रबी एवं खरीफ सीजन के लिए किसानों को पर्याप्त सिंचाई उपलब्ध हो सके। इस अवसर पर कार्यपालन अभियंता एनके रामटेके, एसडीओ सुयश यदु, उप अभियंता सहित किसान उपस्थित थे।

## फर्जी इलाज का खुलासा, संचालक पर जुर्माना

### जिला मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने 20 हजार का लगाया अर्थदंड

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

बिना डिग्री के एलोपैथी उपचार करने के मामले में जिला मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के निर्देश पर श्री राम कृपा हॉस्पिटल एवं पैथोलॉजी के संचालक महेश कुमार तिवारी को 20 हजार पर अर्थदंड लगाया गया है।

यह कार्रवाई छत्तीसगढ़ मानव अधिकार आयोग एवं थाना में कीर्ति डकहा द्वारा की गई शिकायत के आधार पर की गई है। श्रीमती डकहा ने अपनी शिकायत में बताया था कि महेश तिवारी ने डिग्री नहीं होने के बाद भी उनका इलाज किया और लगभग छह माह तक



दवाइयां दीं। इस दौरान बिना जांच के उपचार करने से उनकी स्थिति गंभीर हो गई तथा बाद में कैंसर संक्रमण होने का दावा भी किया गया। मामले की जांच जिला स्तरीय समिति ने की थी जिसमें पाया गया कि अस्पताल को बिना मान्यता के संचालित कर उपचार एवं सोनोग्राफी किया जा रहा था। जांच में यह भी स्पष्ट हुआ कि संबंधित व्यक्ति छत्तीसगढ़ मेडिकल काउंसिल में पंजीकृत नहीं है, जबकि क्लीनिकल एस्टेब्लिशमेंट संचालन के लिए पंजीयन अनिवार्य है।

### नर्सिंग एक्ट के तहत की गई कार्रवाई

एमएचओ ने छग नर्सिंग होम एक्ट 2010 एवं नियम 2013 के तहत कार्रवाई करते हुए 20 हजार का जुर्माना लगाया है। कथित डाक्टर को निर्धारित राशि शीघ्र जमा करने के निर्देश दिया गया है। उल्लेखनीय है कि किर्ती डकहा उक्त डॉक्टर के इलाज बाद जीवन और मौत से संघर्ष कर रही है। उपचार में करीब 10 लाख खर्च उसका परिवार बर्बाद हो गया है। शिकायतकर्ता ने अस्पताल को बंद करने की मांग किया है ताकि अन्य मरीज के जीवन से खिलवाड़ न हो।

## कॉलेज में हुनर हाट और आनंद मेला



**राजनांदगांव।** शासकीय कमलादेवी राठी महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में 13 मार्च को हुनर हाट एवं आनंद मेला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि इंजी. शैलेन्द्र कुमार शुक्ला, आशा बारेवर और प्राचार्य डॉ. अंजली अवधिया ने रिबन काटकर किया।

मेला में छात्राओं ने आत्मनिर्भरता और उद्यमिता का परिचय दिया। राजनीति विभाग ने छत्तीसगढ़ी व्यंजन, अर्थशास्त्र विभाग ने कोल्डड्रिंक और पापड़ी चाट, रसायन शास्त्र विभाग ने प्लास्टिक समान से सजावट की सामग्री और बाम एवं बाल न झड़ने वाला सिरम प्रस्तुत किया। होम साइंस विभाग ने मिलेट आधारित व्यंजन का स्टॉल सजाया।

एनएसएस की छात्राओं ने डेकोरेटिव दी और मिट्टी के मटके का स्टॉल लगाया। प्राणीशास्त्र विभाग ने नींबू शरबत और मिट्टी के घड़ों से बने उत्पाद, बॉटनी विभाग ने मशरूम और औषधीय पौधों का स्टॉल प्रदर्शित किया। भूगोल विभाग ने बचे कपड़ों से बने ओले और भेल का स्टॉल सजाया। भौतिकी विभाग ने एआई द्वारा फोटो जनरेटिंग, गणित विभाग ने गणितीय गेम्स, मनोविज्ञान विभाग ने मनोवैज्ञानिक टेस्ट आयोजित किए। समाजशास्त्र विभाग ने छत्तीसगढ़ी व्यंजन और हस्तनिर्मित आभूषण, योग विभाग ने लो कैलोरी पुलाव और हेल्दी सैंडविच का स्टॉल लगाया।

## कमला कॉलेज में सात दिवसीय प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

रूसा 2.0 के अंतर्गत शासकीय कमलादेवी राठी महिला महाविद्यालय राजनांदगांव में 9 से 14 मार्च तक सात दिवसीय ट्रेनिंग प्रोग्राम फॉर साइंस फैकल्टीज का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन उच्च शिक्षा विभाग छत्तीसगढ़ शासन के सहयोग से महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. अंजली अवधिया के मार्गदर्शन एवं संरक्षण में किया जा रहा है। जिसमें संपूर्ण महाविद्यालय परिवार का सक्रिय सहयोग प्राप्त हुआ।रसायनशास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष नंदिनी चंद्रवंशी के नेतृत्व में कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की गई। सात दिवसीय कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापकगण के साथ-साथ अन्य महाविद्यालयों से भी अनेक प्राध्यापक एवं प्रतिभागी उपस्थित रहे, जिन्होंने विभिन्न विषयों पर आयोजित व्याख्यानों को सुनकर महत्वपूर्ण ज्ञान एवं अनुभव प्राप्त किया। कार्यक्रम के प्रथम दिवस 9 मार्च को प्राचार्य डॉ. अंजली अवधिया समेत प्राध्यापकगण एवं छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित रही। मुख्य वक्ता नोडल अधिकारी डॉ. मोहन एल. वर्मा ने अपने व्याख्यान में कम्प्यूटर आधारित प्रयोग, डिजिटल सिमुलाइजेशन और मॉडलिंग तकनीकी के माध्यम से विज्ञान सामग्री एवं नैनो-तकनीकी के क्षेत्र में अनुसंधान एवं नवाचार के लिए प्रशिक्षित किया।

## पेज 11 के शेष

### सोशल मीडिया में मचा ...

जाती हुई दिखाई दी। इसी दौरान कुछ ट्रक चालकों ने उसे रोका और चिकन सेंटर का रास्ता पूछा। बातचीत के बाद बच्ची उनके साथ चली गई और वहीं भोजन भी किया।

**मनगढ़ंत निकली अपहरण की कहानी:** जांच में स्पष्ट हुआ कि बच्ची सुरक्षित थी और रात करीब 10 बजे घर पहुंच गई थी। घर देर से पहुंचने के कारण डांट या सजा के डर से उसने अपहरण की झूठी कहानी गढ़ दी, जिसे सभी ने उसकी मासूमियत और डरी हुई हालत के कारण सच मान लिया।

### मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने ...

हितग्राहीगण शामिल हुए। जिला पंचायत बालोद अध्यक्ष तारिणी पुष्पेंद्र चंद्राकर ने कहा कि राज्य शासन द्वारा 'मोदी की गारंटी' पूरी की जा रही है, हर वर्ग के उत्थान के लिए निरंतर कार्य किया जा रहा है। उपाध्यक्ष तोमन साहू ने कहा कि दीनदयाल उपाध्याय भूमिहीन कृषि मजदूर कल्याण योजना अंतर्गत प्राप्त राशि, हितग्राहियों को आर्थिक रूप से सक्षम बनाने में मील का पत्थर साबित होगा। नगर पालिका परिषद बालोद की अध्यक्ष प्रतिभा चौधरी ने कहा कि देश का विकास तभी है जब समाज के अंतिम व्यक्ति का उत्थान हो। यह 10 हजार रूपये की राशि भूमिहीन किसानों के लिए वरदान साबित होगी, जिससे समाज में समानता आएगी। जिला भाजपा अध्यक्ष चेमन देशमुख ने कहा कि राज्य में सुशासन स्थापित हो रहा है। पंडित दीनदयाल उपाध्याय के अंत्योदय के सपने को साकार करते हुए केंद्र और राज्य शासन की योजनाएं सीधे नागरिकों तक पहुँच रही हैं। इसके साथ ही प्रमोद जैन, सरस्वती टेमरिया, मुकेश कौड़ो, केसी पवार सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने स्वागत भाषण प्रस्तुत करते हुए दीनदयाल उपाध्याय भूमिहीन कृषि मजदूर कल्याण योजना के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में हितग्राहियों को दीनदयाल उपाध्याय भूमिहीन कृषि मजदूर कल्याण योजना के तहत मिली राशि का प्रमाणपत्र भी सौंपा गया।

### भूमिहीन कृषि मजदूरों को ...

व्यक्त करते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में प्रदेश में विकास कार्य तेज़ी से हो रहे हैं। जिला भाजपा महामंत्री राकेश छोटू यादव ने भी योजना को समाज के मेहनतकश और उपेक्षित वर्ग के उत्थान की दिशा में महत्वपूर्ण पहल बताया। उन्होंने कहा कि बालोद जिले के लगभग 16,500 हितग्राहियों को इसका लाभ मिला है। राकेश यादव ने कहा कि भारत कृषि प्रधान देश है, लेकिन खेतों में कार्य करने वाले भूमिहीन मजदूर अक्सर उपेक्षित रह जाते हैं। यह योजना उनके जीवन में सम्मान और स्थायित्व लाने का प्रयास है। उन्होंने इसे केवल आर्थिक सहायता नहीं, बल्कि सम्मान, सुरक्षा और आत्मनिर्भरता प्रदान करने वाला कदम बताया।

उन्होंने कार्यकर्ताओं और आम नागरिकों से अपील की कि योजना की जानकारी गांव–गांव तक पहुंचाई जाए, ताकि कोई भी पात्र हितग्राही लाभ से वंचित न रहे।

## भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ की कार्यकारिणी घोषित





**राजनांदगांव।** भाजपा केन्द्र में बैठी मोदी सरकार की आत्मनिर्भर भारत की परिकल्पना को साकार करने के लिए व्यापार प्रकोष्ठ, आर्थिक प्रकोष्ठ और उद्योग प्रकोष्ठ के गठन के साथ पूरी मुस्तैदी और गंभीरता से जुट चुकी है। इसी परिप्रेक्ष्य में प्रदेश भाजपा अध्यक्ष किरण सिंह देव की सहमति से व्यापार प्रकोष्ठ की घोषणा की गई। जिसके अंतर्गत जिला संयोजक राजकुमार बाफना को बनाया गया है। सह-संयोजक के रूप में अरूण डुलानी एवं देवव्रत गौतम बनाए गए हैं।

भाजपा मीडिया सेल के अनुसार भाजपा व्यापारियों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर कार्य करती है। व्यापारियों के सुख-दुख में भाजपा संवेदनशीलता के साथ खड़ी रहती है। यही कारण है कि व्यापारियों का एक बड़ा वर्ग भी भाजपा के साथ जुड़ा रहता है। व्यापार जगत से जुड़े राजकुमार बाफना और अरुण डुलानी तथा देवव्रत गौतम व्यापारियो की सेवा में जुटे रहते हैं। सभी ने जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत, जिला महामंत्री सौरभ कोठारी तथा डिकेश साहू का आभार भी जताया है।

### घोषणा में भी नांदगांव का विशेष स्थान

रायपुर से जारी भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ की प्रदेश कार्य समिति की घोषणा प्रदेश अध्यक्ष किरणसिंह देव की सहमति से जारी की गई। जिसमें भाजपा के वरिष्ठ नेता खूबचंद पारख, आलोक बिंदल, राजा माखीजा, उत्तम गीड़िया, सुषमा कोठारी, रामकुमार गुप्ता, सागर गोलछा, लक्ष्मीनारायण गुप्ता को कार्य समिति में विशेष स्थान दिया गया है। उसके साथ ही प्रदेश कार्यालय सह-प्रभारी के रूप में राजेश गुप्ता अग्रहरि को भी स्थान दिया गया है।

## खबर संक्षेप



### लाखों के जेवरात पार करने वाली महिला गिरफ्तार

**भिलाई।** मकान से महिला ने भारी मात्रा में सोने के जेवरात चोरी किया था। पुलिस ने महिला को गिरफ्तार किया है। एएसपी मणीशंकर चंद्रा ने बताया कि माह जनवरी में एम. नचैय्या ने मकान में चोरी होने की शिकायत पुलिस में दर्ज कराया था। मकान से 60 तोला सोने के जेवरात पार हो गया था। जांच में पुलिस को पता चला कि सड़क 11, सेक्टर 2, मकान नंबर 9/ए निवासी एम. श्यामला पर संदेह जताकर उसे हिरासत में लिया गया। पुलिस पूछताछ में उसने स्वीकार किया कि चोरी किए गए आभूषणों में से कुछ को आईआईएफएल फाइनेंस पावर हाउस भिलाई में गिरवी रखी है। कुछ जेवरता उसके पास होने की जानकारी दी। पहले आरोपी के पास से 70 ग्राम सोने के जेवरात 12 लाख रुपए का जब्त किया था। 23 मार्च को उक्त फाइनेंस कंपनी से 443 ग्राम सोने के जेवरात 62 लाख रुपए का बरामद किया है। मामले में अब तक कुल 513 ग्राम सोने के जेवरात मिले है। जिसकी कीमत करीब 74 लाख रुपए आंकी गई है।

### मकान का ताला तोड़कर लैपटॉप पार, गिरफ्तार

**भिलाई।** मकान का ताला तोड़कर लैपटाप पार करने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर युवक सिविक सेंटर कार पार्किंग में लैपटॉप बेचने की फिराक में घूम रहा था। पुलिस मौके पर पहुंची और घेराबंदी कर उसे पकड़ा गया। आरोपी के पास से एक लैपटॉप एवं चार्जर जब्त किया गया। जिसकी कीमत 67 हजार 500 रुपए आंकी गई है। आरोपी का नाम क्वार्टर नं. 9/इ एचएससीएल कॉलोनी रुआबांधा भिलाई निवासी कुनाल ध्रुवे को गिरफ्तार किया गया है।

### शराब पीने रुपए नहीं मिलने पर मकान में लगाई आग, गिरफ्तार

**भिलाई।** शराब पीने के लिए रुपए नहीं देने पर मकान में आग लगाने का मामला सामने आया है। घटना में करीब 2.50 लाख रुपए का सामान जलकर खाक हो गया है। शिकायत के बाद जामुल पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया है। जामुल पुलिस ने बताया कि ग्राम खेरधा निवासी मीना धृतलहरे के मकान में रात बेटा पुनित धृतलहरे शराब पीने के लिए रुपए मांग रहा था। रुपए देने से इंकार करने पर आरोपी पुनित धृतलहरे ने मकान में पहले आग लगाने की धमकी दी। नहीं देने पर सिगड़ी में कपड़ा जलाकर आग लगा दिया। देखते ही देते मकान में आग लग गया। महिला की शिकायत के बाद पुलिस ने आरोपी पुनित को गिरफ्तार किया। पूछताछ करने पर शराब के लिए रुपए नहीं देने पर मकान में आग लगाना स्वीकार किया।

## बजट : पेयजल और अधोसंरचना पर विशेष ध्यान, शिक्षा और सामाजिक योजनाओं को बढ़ावा

# दल्लीराजहरा नगर पालिका ने पेश किया 1807.40 लाख का बजट, 2.72 लाख अधिशेष के साथ विकास पर जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा



नगर पालिका परिषद दल्लीराजहरा की सामान्य सभा में वित्तीय वर्ष 2026-27 का बजट पेश किया गया, जिसमें नगर को आर्थिक रूप से मजबूत बनाने की स्पष्ट झलक दिखाई दी। यह बजट 1807.40 लाख रुपए की अनुमानित आय और 1804.68 लाख रुपए के व्यय के साथ प्रस्तुत किया गया है, जिसमें 2.72 लाख रुपए का अधिशेष (लाभ) दर्ज किया गया है। सीमित संसाधनों के बीच लाभ का बजट पेश होना नगर प्रशासन की बेहतर वित्तीय योजना और संतुलित प्रबंधन का संकेत माना जा रहा है।

■ विकास की रूपरेखा का बजट

यह पहला अवसर है जब अध्यक्ष तोरण साहू के नेतृत्व में बजट पेश किया गया है, जिसने शहर के विकास को नई दिशा देने का भरोसा जगाया है। बजट में मूलभूत सुविधाओं के विस्तार, अधोसंरचना विकास और नागरिकों को बेहतर सेवाएं उपलब्ध कराने पर विशेष जोर दिया गया है। राजस्व आय के प्रमुख स्त्रोतों में कर एवं शुल्क, अनुदान, नगरपालिका संपत्तियों से प्राप्त आय और विभिन्न योजनाओं से मिलने वाली राशि शामिल है। वहीं व्यय में स्थापना, प्रशासनिक कार्य, सड़क-नाली निर्माण, जल व्यवस्था, प्रकाश व्यवस्था और अन्य जनहितकारी कार्यों को प्राथमिकता दी गई है। पूंजीगत मद में भी सड़क, पानी और अधोसंरचना के लिए पर्याप्त राशि का प्रावधान किया गया है।

बजट में पेयजल व्यवस्था को सुदृढ़ करने, नई पाइपलाइन बिछाने, पानी टंकी निर्माण और जल आपूर्ति योजनाओं के विस्तार की योजना बनाई गई है। इसके साथ ही विभिन्न वार्डों में सड़क एवं नाली निर्माण के लिए बड़ी राशि स्वीकृत की गई है, जिससे शहर की आधारभूत संरचना को मजबूती मिलेगी। नगर में एलईडी लाइट लगाने की योजना से रोशनी व्यवस्था को बेहतर बनाने का प्रयास किया जा रहा है, जिससे सुरक्षा और सुविधा दोनों में वृद्धि होगी। साथ ही स्वच्छता और स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने के लिए भी आवश्यक प्रावधान किए गए हैं। शिक्षा और सामाजिक क्षेत्र में भी सकारात्मक पहल देखने को मिल रही है। केंद्रीय विद्यालय की स्थापना की दिशा में प्रयास, आंगनबाड़ी और अन्य योजनाओं के माध्यम से बच्चों और महिलाओं के हितों को ध्यान में रखा गया है। इसके अलावा शासकीय योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन के लिए नए प्रस्ताव भी भेजे गए हैं।बजट में यह भी स्पष्ट किया गया है कि शहर के समग्र विकास के लिए राज्य और केंद्र सरकार की योजनाओं का अधिकतम लाभ उठाया जाएगा। अधोसंरचना, स्वास्थ्य, शिक्षा और स्वच्छता जैसे क्षेत्रों में संतुलित निवेश कर नगर को व्यवस्थित और आधुनिक स्वरूप देने की दिशा में कार्य किया जाएगा। यह बजट केवल आंकड़ों का दस्तावेज नहीं, बल्कि दल्लीराजहरा के भविष्य की रूपरेखा है। सीमित संसाधनों के बावजूद लाभ में बजट पेश कर यह संदेश दिया गया है कि सही योजना, पारदर्शिता और जनहित की सोच के साथ नगर को विकास के नए शिखर तक पहुंचाया जा सकता है। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष तोरण साहू उपाध्यक्ष मनोज दुबे मुख्य नगर पालिका अधिकारी सीमा बक्शी सहित अधिकारी कर्मचारी पार्षद और पत्रकार साथी उपस्थित थे।





## मुख्यमंत्री ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए हितग्राहियों से किया सीधा संवाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आज दीनदयाल उपाध्याय भूमिहीन कृषि मजदूर कल्याण योजना के अंतर्गत आयोजित राशि वितरण कार्यक्रम में जिला के हितग्राही सहित प्रदेशभर के हितग्राहियों से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सीधा संवाद किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने हितग्राहियों से योजना के लाभ और उनके जीवन में आए बदलावों की जानकारी ली। संवाद के दौरान बालोद जिला के यादव राम निषाद ने मुख्यमंत्री से संवाद के दौरान कहा कि वे उनसे बात कर भावुक हो गए हैं। उन्होंने बताया कि उनकी छोटी किराना दुकान है, जिसे वे इस राशि की सहायता से और विकसित करना चाहते हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री के प्रति आभार व्यक्त किया। मुख्यमंत्री ने सभी हितग्राहियों को बधाई देते हुए कहा कि राज्य सरकार की प्राथमिकता है कि योजनाओं का लाभ सीधे जरूरतमंदों तक पहुंचे और उनके जीवन स्तर में सुधार हो।

■ योजना से हितग्राहियों में उत्साह

## सेजस बालोद में कक्षा 10वीं अंग्रेजी विषय का मूल्यांकन





**बालोद।** शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय सेजस बालोद में हाई स्कूल कक्षा 10वीं अंग्रेजी विषय का मूल्यांकन कार्य सफलतापूर्वक संपन्न हो गया। 16 मार्च से प्रारंभ हुआ यह मूल्यांकन कार्य 24 मार्च को पूर्ण हुआ, जिसमें कुल 54 मूल्यांकन कर्ताओं ने सहभागिता निभाई।

समापन अवसर पर आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्राचार्य सेजस बालोद अरुण साहू रहे। कार्यक्रम में अन्य अतिथियों के रूप में हेड एके. शर्मा, डिप्टी सुनीता पटेल, डिप्टी आरके. साहू, डिप्टी हेमलाल जोशी, डिप्टी एनके. साहू, डिप्टी बीएल. लहरे एवं डिप्टी एस.के. रात्रे उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन एवं संपादन राज्यपाल पुरस्कृत व्याख्याता डॉ. बीएल. साहसी द्वारा किया गया। इस अवसर पर मूल्यांकनकर्ता रोशनी साहू ने कहा कि सभी ने अपने दायित्वों का निर्वहन उत्कृष्ट तरीके से किया। वहीं हेमलाल जोशी ने अनुशासनपूर्वक कार्य संपादन के लिए सभी को बधाई दी। सुनीता पटेल ने बताया कि हर वर्ष की अपेक्षा इस वर्ष अधिक संख्या में मूल्यांकन कर्ता उपस्थित रहे, जिसके कारण कार्य निर्धारित समय से पहले मात्र 9 दिनों में पूर्ण हो सका। ए.के. शर्मा ने कविता के माध्यम से अपने विचार व्यक्त किया।

मुख्य अतिथि प्राचार्य अरुण साहू ने कहा कि सभी ने मिलकर कम समय में उत्कृष्ट कार्य कर एक उदाहरण प्रस्तुत किया है। इस अवसर पर मूल्यांकनकर्ताओं द्वारा प्राचार्य को प्रतीक चिन्ह भेंट किया। डॉ. बीएल. साहसी ने शाल, डायरी एवं पेन भेंट कर अतिथियों का सम्मान किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में डॉ. साहसी, राकेश योगी, भूषण ठाकुर, विजय शर्मा, कश्यप सर एवं रोशनी साहू की विशेष भूमिका रही। बी.एल. लहरे द्वारा आभार प्रदर्शन किया गया।

## मुख्यमंत्री बिजली बिल भुगतान समाधान योजना 2028 के तहत विशेष शिविर

**बालोद।** छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड दुर्ग क्षेत्र के अंतर्गत संभाग छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड बालोद के अधीनस्थ वितरण केन्द्रों में 'मुख्यमंत्री बिजली बिल भुगतान समाधान योजना 2028' के तहत विशेष शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। कार्यपालन अभियंता संभाग छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड बालोद ने बताया कि इन शिविरों का उद्देश्य बकायेदार उपभोक्ताओं को बिजली बिलों में राहत प्रदान करना और उन्हें योजना का लाभ दिलाना है। इस योजना के संबंध में उपभोक्ताओं को जानकारी प्रदान करने के साथ–साथ मोर बिजली एप के द्वारा स्वयं अथवा निकटतम वितरण केन्द्र कार्यालय में जाकर पंजीयन



करवाने हेतु प्रेरित किया जा रहा है। इस योजना के संबंध में कार्यपालन अभियंता एसके. बंड के द्वारा सहायक अभियंताओं एवं मीटर रीडरों के साथ कार्यालय में एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक की गई। बैठक में योजना का लाभ अंतिम छोर के उपभोक्ताओं तक पहुंचाने के उपायों पर विस्तृत चर्चा की गई और अधिक से अधिक लोगों को इस छूट का लाभ दिलाने के लिए रणनीति तैयार की गई। योजना के प्रचार–प्रसार के लिए विभिन्न ग्रामों में विभागीय अधिकारियों ने स्वयं मोर्चा संभाले हुए है। इन शिविरों के माध्यम से अन्तिक कुल 553 उपभोक्ताओं ने बिजली बिलों में राहत पाने के लिए अपना पंजीयन करवा कर इस योजना का लाभ प्राप्त किया है।

## निर्माणाधीन प्रधानमंत्री आवासों का जिला पंचायत सीईओ ने किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद



जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुनील कुमार चंद्रवंशी ने गुण्डरदेही विकासखंड के ग्राम गुरेदा, ओटेबंद एवं कचांदुर में प्रधानमंत्री आवास योजना–ग्रामीण के तहत निर्माणाधीन आवासों का निरीक्षण किया। इस दौरान सीईओ चंद्रवंशी ने अप्रारंभ आवासों को यथाशीघ्र प्रारंभ करने तथा निर्माणाधीन आवासों को निर्धारित समय–सीमा में गुणवत्ता के साथ पूर्ण करने को कहा। साथ ही लाभार्थियो को उक्त निर्माणाधीन आवासों में रैन वाटर हार्वेस्टिंग सिंस्टम, सोख्ता गढ्ढा का निर्माण करने हेतु प्रोत्साहित किया। योजना अंतर्गत लाभार्थियों से चर्चा करते हुए आवास निर्माण से संबंधित समस्याओं को संज्ञान में लेते हुए तत्काल समाधान हेतु संबंधित अमलों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। सीईओ चंद्रवंशी ने विभिन्न निर्माण स्थलों का निरीक्षण कर गुणवत्तायुक्त ढंग से निर्धारित समयावधि में कार्य पूरा करने को कहा। उन्होंने हितग्राहियों से बातचीत कर उन्हें मिल रही सुविधाओं एवं समस्याओं की जानकारी ली। उन्होंने मनरेगा के तहत चल रहे निर्माण कार्यों का निरीक्षण, एसएचजी शेड निरीक्षण, आंगनबाड़ी केन्द्र पहुंचकर बच्चों को मिल रहे पोषण आहर, उपस्थिति एवं व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को बच्चों के स्वास्थ्य एवं पोषण पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। इसके साथ ही सीईओ चंद्रवंशी हाईस्कूल पहुंचकर परीक्षाओं एवं अध्ययन केन्द्रों का जायजा लिया। इस अवसर पर जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, प्रधानमंत्री आवास के जिला समन्वयक, आवास समन्वयक, एपीओ मनरेगा, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा के अनुविभागीय अधिकारी, एडीईओ, उपभियंता आरईएस, पीएम आवास के विकासखंड समन्वयक, कार्यक्रम अधिकारी (मनरेगा), तकनीकी सहायक, आवास नोडल, सरपंच, सचिव, रोजगार सहायक एवं अन्य अधिकारी–कर्मचारी उपस्थित थे।

■ गुणवत्ता व समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश

## पी.एम. गतिशक्ति योजना पर कार्यशाला आयोजित



**बालोद।** कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा की अध्यक्षता में संयुक्त जिला कार्यालय सभाकक्ष में पी.एम. गतिशक्ति अंतर्गत कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में उद्योग संचालनालय रायपुर की उपसंचालक मौसमी राहा द्वारा पोर्टल का उपयोग कर अपनी परियोजना तैयार करने एवं नवीन योजना बनाने की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इससे संसाधन एवं समय की बचत होगी एवं कार्य की प्राथमिकता के संबंध में भी जानकारी दी। पी.एम. गतिशक्ति ऐसा डिजिटल प्लेटफार्म हैं। जहां सभी प्रकार के अधोसंरचना एवं भूमि की मद आदि की सूचनाएं उपलब्ध होती है। इसका उपयोग कर व्यवस्थित विकास को गति दिया जा सकता है एवं परिवहन के सुदृढ़ होने के कारण व्यापार व्यावसाय को बढ़ावा भी मिलेगा। कार्यशाला का आयोजन जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र बालोद के सहयोग से समपन्न

## भूमिहीन कृषि मजदूर योजना के तहत हितग्राहियों को सोलह करोड़ से अधिक राशि अंतरित



**गुण्डरदेही।** छत्तीसगढ़ शासन की महत्वाकांक्षी दीनदयाल उपाध्याय भूमिहीन कृषि मजदूर कल्याण योजना के अंतर्गत बुधवार को राज्य एवं जिला स्तरीय राशि वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नगर पंचायत गुण्डरदेही के अध्यक्ष प्रमोद जैन, पार्षद हरीश निषाद, पोषण निषाद एवं सीएमओ कोमल ठाकुर के नेतृत्व में हितग्राहियों को बालोद रवाना किया गया।

**नगरीय क्षेत्र के हितग्राहियों को मिला लाभः** कार्यक्रम के दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष प्रमोद जैन ने शासन की इस योजना की सराहना करते हुए कहा कि भूमिहीन परिवारों के लिए यह योजना किसी वरदान से कम नहीं है। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि जिला बालोद के अंतर्गत कुल 16,488 पात्र हितग्राही हैं, जिन्हें कुल 16,48,80,000 रुपये की राशि अंतरित की। विशेष रूप से नगरीय निकायों पर हर्ष व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि, हमारे नगरीय क्षेत्र में कुल 2,120 हितग्राहियों को इस योजना का सीधा लाभ मिला है, जिससे उनके जीवन स्तर में सुधार आएगा और उन्हें आर्थिक संबल प्राप्त होगा। योजना के तहत प्राप्त राशि का उपयोग हितग्राही विभिन्न रचनात्मक कार्यों में कर रहे हैं।

सोहद्रा बाई और ललिता महादेवा जैसी हितग्राही इस राशि का उपयोग अपने नाती–पोतों की शिक्षा के लिए कर रही हैं, वही यादव राम निषाद ने इससे अपनी किराना दुकान का संचालन शुरू किया है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से भी हितग्राहियों से सीधा संवाद किया गया, जिसमें बालोद जिले के हितग्राहियों ने भी वर्चुअली अपनी सहभागिता दर्ज कराई।

### जिले में 3089 परिवारों को मिली शौचालय निर्माण की प्रोत्साहन राशि

**बालोद।** जिला में वित्तीय वर्ष 2025–26 में कलेक्टर दिव्या मिश्रा के मार्गदर्शन में स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के अंतर्गत जिले में व्यापक स्तर पर कार्य किए गए हैं। इस दौरान 4681 नवीन पात्र परिवारों से प्राप्त मांग पत्रें के आधार पर शौचालय निर्माण की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई। जिले में इस वर्ष हितग्राहियों के घरों में शौचालय निर्माण पूर्ण होने के पश्चात प्रत्येक पात्र परिवार को शौचालय निर्माण हेतु 12 हजार रुपये की सहायता राशि प्रदान की जाती है। जिले के 3089 हितग्राहियों को 370.68 लाख रूपए की प्रोत्साहन राशि जारी की जा रही है। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुनील चंद्रवंशी ने बताया कि हितग्राहियों द्वारा ग्राम पंचायत में दिए गए मांग पत्रें को सरपंच एवं सचिव के माध्यम से जनपद पंचायत कार्यालय भेजा जाता है। इसके बाद जनपद स्तर पर गठित जांच समिति द्वारा ग्राम स्तर पर भौतिक सत्यापन कर पात्रता सुनिश्चित की जाती है। सत्यापन के दौरान हितग्राहियों के घरों में शौचालय निर्माण की स्थिति और पूर्व में लाभान्वित न होने की पुष्टि की जाती है। पात्र पाए गए परिवारों की सूची जिला पंचायत को भेजी जाती है। कार्य पूर्णता प्रमाण पत्र एवं जियो टैगिंग पूर्ण होने के बाद आधार आधारित डीबीटी के माध्यम से राशि सीधे हितग्राही के खाते में हस्तांतरित की जाती है। उन्होंने बताया कि प्रतिवर्ष बीपीएल एपीएल वर्ग के अंतर्गत अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति लघु एवं सीमांत कृषक भूमिहीन मजदूर महिला मुखिया एवं दिव्यांग परिवारों को प्राथमिकता देते हुए योजना का लाभ दिया जा रहा है ताकि गांवों में खुले में शौच मुक्त ओडीएफ की स्थिति को स्थायी रूप से बनाए रखा जा सके। स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के इस अभियान से ग्रामीण क्षेत्रें में सकारात्मक बदलाव देखने को मिल रहा है और लोग नियमित रूप से शौचालय का उपयोग कर रहे है।

■ ग्रामीण क्षेत्रों में दिख रहा सकारात्मक बदलाव

## राजस्व विभाग की कछुआ चाल

# 18 पेशियां, कुल 2800 किलोमीटर का सफर फिर भी न्याय के लिए भटक रहा किसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर

राजस्व विभाग उपतहसील जामगांव आर में किसान किसानी प्रकरणों की पेशी दर पेशी वाली आधिकारिक रवैए से थर्राने लगे है। समीपस्थ ग्राम बेलहारी का किसान रोमलाल साहू जीवकोपार्जन की दृष्टि से राजनांदगांव अस्थाई निवास 80 किलोमीटर दूर रहते है। मार्च 2025 में प्रारंभ पेशी 18 पेशीयो का सफर करते हुए मार्च 2026 पहुंच गई। प्रत्येक बार आप डाउन 160 किलोमीटर की उनकी यात्रा राजस्व विभाग की उदासीन अफसर शाही रवैया का भेंट चढ़ गई है।

■ सभी दस्तावेज पूरे हैं, फिर भी देरी, राजस्व विभाग की कार्यप्रणाली पर उठे सवाल

राजस्व विभाग से त्रस्त किसान रोमलाल साहू ने बताया कि ग्राम बेलहारी आर पटवारी हल्का नंबर 55 तहसील पाटन जिला दुर्ग के



अंतर्गत आवेदक रोमलाल साहू पिता स्वगऍय रंजीत साहू का कृषि संबंधी प्रकरण क्रमांक 20250104900008 है, नायब तहसीलदार जामगांव आर मे मार्च 2025 से पेशी प्रारंभ हुई, 25 मार्च 2026 को 18 वीं पेशी थी, 80 किलोमीटर दूर से आया और फिर पेशी मिल गई। रोमलाल साहू ने बताया कि पिताजी स्व रंजीत साहू, पुरुषोत्तम साहू द्वारा 26 मार्च 1968 को कृषि भूमि सुगनचंद/रतनचंद जैन ओसवाल से ख़रीदा था, जिसमे तीन खसरा नंबर क्रमशः 424/7, 424/9, 424/12 है, जिसमे दो खसरा का ऑनलाइन रिकार्ड दर्ज है, एक नहीं है, जो पूर्व से ही छूट गया है, जो अन्य किसी अनजान व्यक्ति के नाम से चला आ रहा है, जिसके खसरा नंबर 424/9 है, शुरू से हम इसमें काबिज है, धान चना गेहूं आदि फ़सल लेते आ रहे है। नायब तहसील द्वारा चाही गईं समस्त जानकारी रिकार्ड पटवारी, आरआई स्पाट निरिक्षण, कास्त काबिज की जानकारिया, गवाही पेशी, इस्तेहसर आदि जानकारी उक्त भूमि मे किसी को कोई आपत्ति भी नहीं है, इसके बाद भी पेशी दर पेशी बुलाया जा रहा है, आखिर इसे क्या समझा जाए।

31 मार्च को रिटायर होंगे साहब किसान को पेशी 30 मार्च की मिली

किसान ने बताया नायब तहसीलदार धर्मेंद्र श्रीवास्तव 31 मार्च को सेवानिवृत हो रहे है। और फिर भी 30 मार्च 2026 की पेशी में आना है। लगता है साहब तो रिटायर हो जाएंगे और यह प्रकरण अतिरिक्त तहसीलदार ममता टावरी की कोर्ट में चलेगी। यदि ऐसा हुआ तो प्रकरण को देखने वाले तीसरे नायब तहसीलदार होंगे। इस प्रकरण की जानकारी एसडीएम लवकेश धुरव को भी बुधवार को दे गई, एसडीएम ने प्रकरण को देखता हुं का आश्वासन दिए।

पेशी दिवस पर अधिकारी अन्यत्र प्रवास पर रहे तो पेशी की सूचना फोन से पक्षकार को देने का आग्रह विगत महीने अतिरिक्त तहसीलदार ममता टावरी से की गई थी, आश्वासन भी मिला था, रोमलाल साहू अपने अस्थाई निवास राजनांदगांव से 80 किलोमीटर दूरी तयकर उपतहसील जामगांव आर पहुंचे, किंतु नायब तहसीलदार धर्मेंद्र श्रीवास्तव नहीं मिले और रीडर श्री सिन्हा ने 30 मार्च 2026 की पेशी देकर कर्तव्य का इतिश्री कर लिया।

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
जोड़ों, नसों, मांसपेशियों के सभी प्रकार के दर्द का इलाज
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003

Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic
Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेज़र मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### नेवारीकला में ज्योत प्रज्वलित कर बोया जवारा

**बालोद।** ग्राम नेवारीकला में चैत्र नवरात्रि के अवसर पर देवी मां की पूजा अर्चना ग्रामीण भक्तो द्वारा की जा रही है इसी दौरान ग्राम में कई लोगो के द्वारा मां के नाम ज्योत प्रज्वलित की गई है तथा जवारा भी बोया गया है। जहां सुबह शाम ग्रामीण मां की भक्ति में लीन है।

### केंद्रीकृत प्राथमिक परीक्षा झोफरा में पांच विद्यार्थियों ने दी परीक्षा



**गुण्डरदेही।** केंद्रीकृत प्राथमिक प्रमाण पत्र परीक्षा 16 मार्च से प्रारंभ हुआ था, और 25 मार्च को अंतिम पेपर पर्यावरण के साथ परीक्षा संपन्न हो गया। परीक्षा लेने के लिए संकुल के ही प्रधान पाठकों को परीक्षा संचालन के लिए एक से दूसरे स्कूलों में केंद्राध्यक्ष बनाकर भेजा गया था। उपरोक्त चित्र शासकीय प्राथमिक शाला झोफरा का है। जहां पंजीकृत पांच बच्चे परीक्षा दे रहे हैं।

### ब्लॉक कांग्रेस कमेटी गुरूर में विविध पदों पर नियुक्ति

**गुरूर।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी गुरूर के अध्यक्ष किशोर साहू द्वारा



संगठन के गतिविधियों के संचालन करने के लिए विविध पदों पर नियुक्ति की है। नवनियुक्त पदाधिकारीयो में प्रशासनिक महामंत्री कार्यालय शादिक अली, प्रवक्ता एवं मिडिया प्रभारी शिवम कुरैटी, सोशल मिडिया प्रभारी उमेश साहू की नियुक्ति की गई है।

### बिजली बिल भुगतान समाधान योजना के तहत विशेष शिविर

**गुण्डरदेही।** शासन की महत्वाकांक्षी बिजली बिल भुगतान समाधान योजना 2026 योजना के अंतर्गत बकाया बिलों के निपटारे के लिए नगर पंचायत गुण्डरदेही में एक दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन किया गया। नगर पंचायत अध्यक्ष प्रमोद जैन ने बताया कि यह योजना उन मध्यम वर्गीय और गरीब परिवारों के लिए एक बड़ा उपहार है, जिनका बिजली बिल लंबे समय से बकाया है। शासन ने बीपीएल और कृषि उपभोक्ताओं के लिए अधिभार (सरचार्ज) में शत–प्रतिशत माफी और मूल राशि में 75 प्रतिशत तक की छूट का प्रावधान किया है। बीपीएल और निक्रिरय उपभोक्ताओं को मूल राशि पर 50 प्रतिशत से 75 प्रतिशत तक की राहत। सरचार्ज माफी सभी पात्र श्रेणियों के लिए अधिभार (सरचार्ज) पर 100 प्रतिशत की छूट। सक्रिय उपभोक्ताओं हेतु, एकमुश्त भुगतान पर 10 प्रतिशत की अतिरिक्त छूट या किस्तों में भुगतान की सुविधा प्रदान की गई थी।

**आयोजन :** 96 पंचायतों को मिला गोल्ड, सिल्वर और कांस्य पदक

# विश्व क्षय दिवस पर टाउन हॉल में जागरूकता कार्यक्रम









हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम अंतर्गत बालोद जिला मुख्यालय के टाउन हॉल में विश्व क्षय दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आयोजन में छत्तीसगढ़ रेडक्रॉस चेयरमैन और जिला पंचायत उपाध्यक्ष तोमन साहू, नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिभा चौधरी, वार्ड नंबर 13 के पार्षद सुनीता मनहर, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जेएल. उइके, जिला कार्यक्रम प्रबंधक अखिलेश शर्मा, नोडल डॉ. जीआर. रावटे, जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. जितेंद्र सिंह, ब्लॉक कार्यक्रम प्रबंधक प्रवीण नायक एवम समस्त जिला टीबी स्टाफ मौजूद रहे। कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों के द्वारा छत्तीसगढ़ महतारी के तेलचित्र पर पूजा अर्चना के साथ हुई। जिसके बाद राष्ट्रीय और राजकीय गीत का गायन किया गया। इस दौरान आयोजन में पहुंचे अतिथियों को विभाग द्वारा सम्मानित भी किया गया।

आयोजन में मारुति इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग और भारत इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग की छात्रओं द्वारा बनाए गए रंगोली और पेंटिंग का अवलोकन किया गया। छात्रओं ने रंगोली के माध्यम से नशे से होने वाले दुष्प्रभाव और टीबी मुक्ति के लिए दिए जाने वाले संदेश को अतिथियों के समक्ष रखा। कार्यक्रम में मौजूद जिले के 10 टीबी मरीजों को स्वास्थ्य विभाग के माध्यम से केंद्र सरकार की योजना के तहत निश्चय पोषण योजना के पोषण आहार का वितरण अतिथियों ने किया। कार्यक्रम के दौरान अतिथियों ने क्षय रोग समाप्त करने की शपथ दिलाई और टीबी से अपने, अपने परिवार, सहकर्मियों और पड़ोसियों को दूर रखने का संकल्प लिया। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ जे.एल.उइके ने आयोजन में मौजूद लोगों को टीबी उन्मूलन से जुड़ी जानकारी दी। सीएमएचओ डॉ. जे. एल. उइके ने बताया कि वर्ष 2025 में जनवरी माह से लेकर दिसंबर माह तक 14 हजार 313 लोगों की जांच की गई जिसमें से 786 टीबी के मरीज सामने आया। इन

### छात्राओं ने रंगोली के माध्यम से दिया टीबी मुक्ति का संदेश



सभी का इलाज जिला क्षय उन्मूलन केंद्र से जारी है। उन्होंने कहा कि टीबी बीमारी से डरने की जरूरत नहीं है। केंद्र सरकार टीबी से निजात पाने के लिए कई तरह की योजनाएं संचालित कर रही है जिसके माध्यम से निःशुल्क उपचार किया जाता है और बड़ी आसानी से टीबी की बीमारी से छुटकारा पाया जा सकता है।

आयोजन में मौजूद नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिभा चौधरी ने कहा कि जागरूकता ही बीमारी का बचाव है। दैनिक जीवन में सुबह से लेकर शाम रात तक जो भी क्रियाकलाप करते हैं उसमें कई ऐसी बारीकियां है जैसे हाथ धोकर भोजन करना, नशे से दूर रहने जैसे कामों से बीमारियों से दूर रह सकते हैं। रेडक्रॉस सोसायटी के चेयरमैन तोमन साहू ने बालोद जिला स्वास्थ्य विभाग द्वारा टीबी मुक्त बालोद बनाए जाने के लिए किए जा रहे प्रयासों की सराहना की।

केंद्र सरकार द्वारा निर्धारित टीबी के छः मापदंड टीबी मरीजों के जांच, टीबी नोटिफिकेशन, पूर्ण सफल उपचार दर, दवा प्रतिरोधक जांच, निक्षय पोषण योजना, प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान पोषण सहायता को पूरा करने वाले 96 पंचायतों को स्वास्थ्य विभाग की ओर से सम्मानित किया गया। जिसमें तीन साल तक मापदंडों को पूरा करने वाले 3 पंचायत को गोल्ड, दो साल तक मानदंड को पूरा करने वाले 36 पंचायत को रजत और एक साल तक पूरा करने वाले 57 पंचायतों को कांस्य पुरस्कार से सम्मानित किया गया। वहीं नर्सिंग इंस्टीट्यूट के छात्रें द्वारा बनाए गए रंगोली और पेंटिंग की प्रतियोगिता में विजेता प्रतिभागियों को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अंत में राष्ट्रीय टीबी प्रभाग निक्षय निरामय अभियान 2.0 की लॉन्चिंग की गई और अतिथियों ने निक्षय निरामय रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।

केंद्र सरकार द्वारा निर्धारित टीबी के छरू मापदंड टीबी मरीजों के जांच, टीबी नोटिफिकेशन, पूर्ण सफल उपचार दर, दवा प्रतिरोधक जांच, निक्षय पोषण योजना, प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान पोषण सहायता को पूरा करने वाले 96 पंचायतों को स्वास्थ्य विभाग की ओर से सम्मानित किया गया। जिसमें तीन साल तक मापदंडों को पूरा करने वाले 3 पंचायत को गोल्ड, दो साल तक मानदंड को पूरा करने वाले 36 पंचायत को रजत और एक साल तक पूरा करने वाले 57 पंचायतों को कांस्य पुरस्कार से सम्मानित किया गया। वहीं नर्सिंग इंस्टीट्यूट के छात्रें द्वारा बनाए गए रंगोली और पेंटिंग की प्रतियोगिता में विजेता प्रतिभागियों को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अंत में राष्ट्रीय टीबी प्रभाग निक्षय निरामय अभियान 2.0 की लॉन्चिंग की गई और अतिथियों ने निक्षय निरामय रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

## विश्व क्षय दिवस पर चंदेनी भाठा में जागरूकता कार्यक्रम

**दल्लीराजहरा ।** दल्लीराजहरा क्षेत्र के उप स्वास्थ्य केन्द्र चंदेनी भाठा, रेलवे अस्पताल परिसर में विश्व क्षय दिवस के अवसर पर जागरूकता कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। "देश जीतेगा, टीबी हारेगा" थीम के साथ आयोजित इस कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग की टीम ने आम

- देश जीतेगा, टीबी हारेगा का दिया संदेश, टीबी के लक्षणों की दी विस्तृत जानकारी

नागरिकों को टीबी मुक्त भारत अभियान से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां दीं और बीमारी के प्रति सजग रहने का संदेश दिया।

कार्यक्रम के दौरान स्वास्थ्य सुपरवाइजर रेखू राम साहू ने टीबी के लक्षणों के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि दो सप्ताह से अधिक समय तक लगातार खांसी आना, खांसी में खून आना, अचानक वजन घटना, भूख न लगना, रात में अत्यधिक पसीना आना, लगातार थकान महसूस होना, गर्दन में गांठ, पेट में दर्द, पेशाब में खून, जोड़ों में दर्द और सांस लेने में परेशानी जैसे लक्षण टीबी के संकेत हो सकते हैं। ऐसे लक्षण दिखने पर तुरंत जांच कराना आवश्यक है। उन्होंने यह भी बताया कि टीबी



माइक्रोबैक्टीरियम ट्यूबरकुलोसिस नामक बैक्टीरिया से फैलने वाली संक्रामक बीमारी है, जो संक्रमित व्यक्ति के खांसने और छींकने से तेजी से फैलती है। कमजोर रोग प्रतिरोधक क्षमता, भीड़भाड़ में रहना और अस्वस्थ जीवनशैली इसके प्रसार के प्रमुख कारण हैं।

कार्यक्रम में यह भी जानकारी दी गई कि मितानिन कार्यकर्ता अपने-अपने पारा, मोहल्लों और वार्डों में घर-घर जाकर सर्वे करेंगे। संभावित मरीजों की पहचान कर उनका पंजीकरण किया जाएगा और जांच के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र चिखलाकसा भेजा जाएगा, जिससे समय रहते उपचार शुरू किया जा सके। विशेष रूप से उच्च जोखिम वाले वर्गों-जैसे 60 वर्ष से अधिक आयु के लोग, कुपोषित व्यक्ति, धूम्रपान करने वाले, मधुमेह एवं एचआईवी संक्रमित मरीज तथा पूर्व में टीबी से ग्रसित रहे लोगों पर विशेष ध्यान देने की अपील की गई।

बचाव के उपायों पर जोर देते हुए बताया गया कि खांसते-छींकते समय मुंह ढकना, धूम्रपान से दूर रहना, स्वच्छता बनाए रखना और संक्रमित व्यक्तियों से सुरक्षित दूरी रखना बेहद जरूरी है। साथ ही यह भी स्पष्ट किया गया कि टीबी का इलाज डॉट्स पद्धति के तहत पूरी तरह निःशुल्क उपलब्ध है, और समय पर उपचार से यह बीमारी पूरी तरह ठीक हो सकती है।

कार्यक्रम में स्वास्थ्य कर्मचारी, मितानिन कार्यकर्ता और बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकों की सक्रिय भागीदारी रही। इस आयोजन ने न केवल जागरूकता बढ़ाई, बल्कि समाज को टीबी के खिलाफ एकजुट होकर लड़ने का मजबूत संदेश भी दिया।

## सकरौद में भक्त माता कर्मा जयंती मनाई



**गुण्डरदेही।** ग्राम सकरौद में भक्त माता कर्मा की जयंती बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। जहां ग्रामीण महिलाओ द्वारा गांव मे कलश यात्र निकालकर गांव भ्रमण किया। कार्यक्रम मे छाया विधायक जसवंत सिन्हा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए जहां उन्होंने भक्त माता कर्मा की पुजा अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने सामाजिक लोगो को संबोधित करते हुए कहा कि मां कर्मा भगवान श्री कृष्ण की महान भक्त थीं इसलिए भगवान श्रीकृष्ण ने उन्हें साक्षात दर्शन दिए थे। तब माता ने अपने सामने बैठकर भगवान श्रीकृष्ण को खिचड़ी खिलाई थी। इस दिन मां कर्मा देवी का पूजन–अर्चना अनिवार्य रूप से करने तथा खिचड़ी का भोग लगाकर प्रसाद बांटने की मान्यता है। कार्यक्रम में स्थानीय कलाकारों द्वारा पारंपरिक नृत्य एवं गीत प्रस्तुत की गई। कार्यक्रम के दौरान सामाजिक द्वारा मुख्य अतिथि जसवंत सिन्हा का सम्मान किया गया, जहां उन्होंन सभी सामाजिक लोगो का आभार व्यक्त किया।

जनता की समस्याओं के समाधान, तीन चरणों में राजस्व पखवाड़ा

## राजस्व समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए अप्रैल से जून तक 'राजस्व पखवाड़ा'

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग ने आम जनता की राजस्व संबंधी समस्याओं के त्वरित और प्रभावी निराकरण के लिए प्रदेश के सभी जिलों में 'राजस्व पखवाड़ा' आयोजित किया जाएगा। छत्तीसगढ़ शासन की सचिव रीना बाबा साहेब कंगाले द्वारा इस संबंध में प्रदेश के समस्त कलेक्टरों को विस्तृत दिशा–निर्देश और कार्ययोजना जारी कर दी गई है।

राजस्व पखवाड़ा अप्रैल से जून तक तीन चरणों में आयोजित किया जाएगा। जिसके के अंतर्गत अप्रैल माह में 01 अप्रैल से 15 अप्रैल, मई माह में 04 मई से 18 मई तथा जून माह में 01 जून से 15 जून तक राजस्व पखवाड़ा का आयोजन किया जाएगा। राजस्व पखवाड़ा में अविवादित नामांतरण, अविवादित खाता विभाजन के समय–सीमा के बाहर प्रकरणों का शत–प्रतिशत निराकरण करना, सीमांकन (ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रें), व्यपवर्तन, वृक्ष कटाई का समय सीमा से बाहर के प्रकरणों का शत–प्रतिशत निराकरण करना, नक्शा बंटाकन की प्रगति सुनिश्चित करना, भूमिस्वामी के खातों में आधार, मोबाइल नं., किसान किताब एवं जेंडर की प्रविष्टि शत–प्रतिशत करना, शिविर में प्राप्त होने वाले आवेदन जैसे फौती नामांतरण एवं बंटवारा, अभिलेख त्रुटि सुधार के प्रकरणों का ऑनलाइन अपलोड पर हल्का पटवारी द्वारा प्रतिवेदन, पंचनामा, सूची की प्रविष्टि एवं नोटिस ईश्तिहार जारी कर पक्षकारों को तामिली कराना एवं निराकरण करना कार्ययोजना में शामिल है।

- भू–अर्जन, फसल क्षति और नामांतरण मामलों का होगा त्वरित निपटारा

इसी तरह जनहानि–फसल क्षति, पशु हानि से संबंधित आर.बी.सी. 6–4 के तहत प्राप्त आवेदनों का त्वरित निराकरण करना, भू–अर्जन संबंधी प्रकरणों का समय–सीमा में निराकरण तथा भू–अर्जन प्रकरणों में लिये गये सेवा शुल्क की जानकारी अद्यतन किया जाएगा। स्वामित्व योजनांतर्गत लगभग अधिकार अभिलेखों का कार्यक्रम आयोजित कर सम्मानीय जन प्रतिनिधियों की उपस्थिति मे वितरण करना, वार्षिक कृषि सांख्यिकी सारणी तथा ऋतु एवं फसल प्रतिवेदन (जींसवार वर्ष 2025–26 का अप्रैल तक शत–प्रतिशत अद्यतन जानकारी उपलब्ध करना, अभिलेख शुद्धता (संकलन हेतु त्रुटि खसरा, विलोपन योग्य संदेहास्पद खसरा, शून्य रकबा वाले खसरा, भूमिस्वामी विहीन खसरा, भूमिस्वामी के विवरण में स्पेशल कैरेक्टर युक्त खसरा, संयुक्त खातेदार का नाम पृथक–पृथक दर्ज न होकर एक साथ दर्ज होने, त्रुटिपूर्ण खसरा भूमिस्वामी क्रमांक निर्धारण हेतु त्रुटि खसरा की संख्या) अंतर्गत शत–प्रतिशत निराकरण करना, मौके पर बी–01, खसरा एवं किसान किताब के प्राप्त आवेदनों का शिविर स्थल पर निराकरण करना है। इसी तरह आय, जाति, निवास संबंधी समस्त आवेदनों का शिविर स्थल पर ही लोक सेवा केन्द्र के माध्यम से ऑनलाइन प्रविष्टि एवं समय–सीमा में शत–प्रतिशत निराकरण करना, शिविर में प्राप्त होने वाले आवेदनों एवं उन पर कार्यवाही की जानकारी प्रत्येक दिवस निर्धारित प्रपत्र में इस कार्यालय को उपलब्ध कराना, लोक सेवा गारंटी अधिनियम के अंतर्गत लोक सेवाओं की अदायगी हेतु समय–सीमा में कार्यवाही करना, राजस्व पखवाड़ा शिविर आयोजन के संबंध में प्रत्येक ग्राम पंचायतों में व्यापक प्रचार–प्रसार हेतु कोटवारों के माध्यम से मुनादी कराना है।

### पंच कुण्डीय गायत्री महायज्ञ एवं हनुमंत कथा 1 अप्रैल से

**बालोद/कलंगपुर।** प्रज्ञा मंडल एवं समस्त ग्रामवासी जोरातराई (आर) के तत्वावधान में आगामी 1 से 5 अप्रैल तक पंच कुण्डीय गायत्री महायज्ञ एवं हनुमंत कथा का आयोजन होने जा रहा है। जिसमें कथा व्यास गायत्री आश्रम चांदो से सुरेश कुमार दीन होंगे। कार्यक्रम शुभारंभ 1 अप्रैल बुधवार अपरान्ह 2 बजे मंगल कलश यात्रा, देव पूजन, मंगलाचरण से होगा। द्वितीय दिवस गुरुवार को सुबह 8 बजे से पंच कुण्डीय गायत्री महायज्ञ, दोपहर 2 बजे से हनुमंत कथा, शाम 4 बजे से सुंदर काण्ड एवं हनुमान चालीसा होगा। तृतीय दिवस सुबह 8 बजे से पंच कुण्डीय गायत्री महायज्ञ एवं दोपहर 2 बजे से हनुमंत कथा होगा। चतुर्थ दिवस शनिवार को सुबह 8 बजे से पंच कुण्डीय गायत्री महायज्ञ दोपहर 2 बजे से हनुमंत कथा एवं शाम 6 बजे से दीप महायज्ञ होंगे। पंचम व अंतिम दिवस सुबह 9 बजे से यज्ञ, विभिन्न संस्कार, पूर्णाहुति तत्पश्चात टोली विदाई होगी। बताया गया कि इस अवसर पर पुंसवन, मुंडन, विद्या आरंभ, दीक्षा व यज्ञोपवीत संस्कार सभी संस्कार निःशुल्क कराये जायेंगे।

### जिले में वर्ष 2026 के लिए तीन स्थानीय अवकाश घोषित

**बालोद।** कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने आदेश जारी कर कैलेण्डर वर्ष 2026 हेतु बालोद जिले में स्थानीय अवकाश घोषित किया है। जारी आदेश के अनुसार गुरूवार 10 सितंबर को पोला, सोमवार 19 अक्टूबर को महाष्टमी दशहरा एवं सोमवार 09 नवंबर को गोवर्धन पूजा दीपावली के दूसरे दिन के अवसर पर स्थानीय अवकाश घोषित किया गया है। उक्त अवकाश कोषालय एवं उप कोषालय तथा बैंको के लिए लागू नहीं होगा।

**तुरंत आराम के लिए**
**तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय**
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, ऐमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

**सामुदायिक भवन व सीसी रोड की घोषणा**

## माता कर्मा जयंती पर विधायक अनिला ने दिया एकता व भाईचारा का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

छत्तीसगढ़ की पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं डौंडीलोहारा विधायक अनिला भेड़िया ने भक्त माता कर्मा जयंती के अवसर पर आयोजित विभिन्न समारोहों में शामिल होकर साहू समाज को शुभकामनाएं दीं।

उन्होंने माता कर्मा के आदर्शों को आत्मसात करने तथा समाज में एकता, भाईचारे और सद्भाव बनाए रखने का संदेश दिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक भेड़िया ने कहा कि माता कर्मा ने अपनी भक्ति, सेवा और शक्ति से समस्त मानव समाज के उत्थान का मार्ग प्रशस्त किया है। उनके जीवन से प्रेरणा लेकर समाज को आगे बढ़ना चाहिए। इस अवसर पर वे मुख्य अतिथि के रूप में समारोह में उपस्थित



रहीं। ग्राम रायपुरा में साहू समाज के लिए सामुदायिक भवन निर्माण की घोषणा की गई। वहीं ग्राम दूबचेरा में साहू समाज के लिए 10 लाख रुपये की लागत से सामुदायिक भवन निर्माण तथा 5 लाख रुपये के सीसी रोड का भूमि पूजन किया गया। कार्यक्रम में प्रदेश प्रतिनिधि अनिल लोढ़ा, पूर्व मंडी अध्यक्ष भोला देशमुख, जिला कांग्रेस कमेटी बालोद के महामंत्री मेघनाथ साहू, विधायक प्रतिनिधि गोविंद चंद्राकर, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष राजू प्रभाकर, वरिष्ठ कांग्रेस कार्यकर्ता एवं वन कर्मचारी संघ के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष मूलचंद शर्मा सहित अनेक जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला साहू संघ बालोद के अध्यक्ष महेंद्र साहू ने की। विशेष अतिथियों में जिला साहू संघ के कार्यकारी अध्यक्ष किशोरी साहू, पूर्व उपाध्यक्ष जितेन्द्र साहू, महामंत्री तुकाराम साहू, उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद साहू, दुलार साहू, सोमेश साहू, राधेश्याम गंजीर, श्रीमती नैनबाई साहू, मधुसूदन साहू, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष लोकेश्वरी गोपी साहू, उपाध्यक्ष नरेंद्र साहू एवं ग्राम पंचायत कोबा की सरपंच पूर्णिमा साहू सहित अन्य गणमान्य नागरिक शामिल रहे।

इस दौरान परिक्षेत्र अध्यक्ष गुलाब साहू ने परिक्षेत्र भवन निर्माण हेतु जिला अध्यक्ष को मांग पत्र भी सौंपा। कार्यक्रम में दूबचेरा एवं रायपुरा के ग्रामीण साहू समाज का विशेष सहयोग रहा। अंत में समाज के पदाधिकारियों ने विधायक अनिला भेड़िया का आभार व्यक्त करते हुए हर्ष व्यक्त किया।

